पेज थ्री देहरादून

# हमारा दून

देहरादून बुधवार 29 जुलाई 2020





स्मार्ट सिटी विषय पर बैठक करते हुए आवास मंत्री मदन कौशिक।

## संक्षिप्त समाचार

### अयोध्या में श्रीराम मंदिर के लिए सिद्धपीठों की मिट्टी भेजी

**संवाददाता** देहरादून। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में अयोध्या में श्रीराममंदिर के निर्माण के लिए पवित्र सिद्ध पीठो से मिट्टी अयोध्या भेजी गई।
इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद केंद्रीय नेतृत्व के आहवान पर पूरे देश के पवित्र धार्मिक स्थलो से एकत्रित मिट्टी को अयोध्या जन्मभूमि मंदिर स्थल पर भूमि पूजन से पूर्व पहुंचाने की योजना को क्रियान्वित करने के लिए विहिप महानगर संगठन मंत्री ललित कुमार के नेतृत्व में देहरादून से किया गया।
दून जो की द्रोण नगरी के नाम से विख्यात है इसकी चार सिद्ध शक्तिपीठ है।

### दून जिला कारागार के 32 और बंदी कोरोना पॉजिटिव

**संवाददाता** देहरादून। जिला कारागार में मंगलवार को 32 और बंदी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। मंगलवार को यहां कुल 95 बंदियों की कोरोना जांच हुई। इस तरह जेल में कोरोना पॉजिटिव बंदियों की संख्या 97 पहुंच गई है। वहीं, बैरक संख्या तीन–चार के एनक्लोजर एरिया में ड्यूटी करने वाले करीब 55 जेल स्टाफ का भी टेस्ट कराया गया। राहत की बात रही की इनमें से कोई पॉजिटिव नहीं पाया गया।
जेल प्रशासन का कहना है कि बैरक संख्या तीन–चार के एनक्लोजर एरिया में आठ बैरके हैं, जहां करीब तीन सौ बंदी रखे गए हैं। सभी कोरोना पॉजिटिव बंदी इन्हीं आठ बैरकों में मिले हैं।

### आंदोलनकारियों के लिए आर्थिक सहायता व सैनानी का मिले दर्जा

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल महानगर के कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों के लिये आर्थिक सहायता एवं सैनानी का दर्जा दिये जाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचे और उप जिलाधिकारी मायाराम जोशी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। दल के महानगर अध्यक्ष सुनील ध्यानी के नेतृत्व में कार्यकर्ता जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और वहां पर उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी मायाराम जोशी को सौंपा।

### टेस्टिंग में तेजी की मांग

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी में राज्य सरकार द्वारा टेस्टिंग बहुत ही धीमी गति से कराई जाने के विरोध में आज युवा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल सीएमओ डा. बी सी रमोला से मिला और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता सीएमओ डा. बीसी रमोला से मिले और कोविड 19 के चलते टेस्टिंग धीमी गति से की जा रही है में तेजी लाये जाने की मांग की है।

# उद्योग मित्र समस्या निस्तारण हेतु ऑनलाइन पोर्टल बनाया जाए

**निर्देश**

■ गाईलाइन के अनुपालन के लिए औद्योगिक एसोसिएशन भी प्रोक्टिव तरीके से कार्य करें

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में जिला उद्योग मित्र समिति की बैठक हुई। जिसमें औद्योगिक क्षेत्रों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र को निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्रों की तथा उद्योग मित्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए पार्टल बनाया जाए ताकि उनकी समस्याओं का ऑनलाइन ही निस्तारण किया जा सके। वाहनों के मुचलके भी ऑनलाइन ही जमा करवाने की व्यवस्था की जाए।



जिलाधिकारी ने औद्योगिक क्षेत्र पटेल नगर, सेलाकुई तथा मोहब्बेवाला में मार्गो, नालियों, सड़कों की नियमित साफ–सफाई, स्ट्रीट लाइट लगाने व उसका रख–रखाव के नगर निगम देहरादून को निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने उद्योग मित्र समिति के सदस्यों को निर्देश दिए कि कोरोना वायरस पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के लिए और औद्योगिक एसोसिएशन गंभीरता से कार्य करेंगीं, इसके लिए एक सुपरविजन कमेटी का गठन भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि कहीं पर कोई कोरोना पॉजिटिव मामला संज्ञान में आता है तो औद्योगिक क्षेत्र में पूरी कांटेक्ट ट्रेसिंग होनी चाहिए। इससे संबंधित कोई भी बात शासन–प्रशासन से छुपाई ना जाए, तत्काल प्राइमरी और सेकंड्री कांटेंक्ट को आइसोलेट करते हुए संबंधित पूरे क्षेत्र को पूर्ण सैनिटाइज किया जाए। कार्मिकोंध्मजदूरों के आने–जाने, काम करने, लंच करने और छुट्टी के टाइम को इस तरह मैनेज किया जाए ताकि पर्याप्त सोशल डिस्टेंसिंग बनी रहे। फैक्ट्री में कार्मिक मास्क पहने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो तथा सैनिटाइज भी करते रहे। उन्होंने कहा कि यदि कोई मजदूर छुट्टी से लौटता है तो उसको सीधे प्रवेश ना दें पहले उसकी जांच और पर्याप्त आइसोलेशन का पालन करवाएं । मजदूरों के आवासीय कमरों में यदि अन्य व्यक्ति साथ रहता है तो उसकी भी सूचना रखें। इसके अतिरिक्त समय–समय पर मजदूरों कार्मिकों को काउंसलिंग करते रहे उनको क्वे और कवदष्ज बताएं तथा औद्योगिक क्षेत्र में इसका होर्डिंग, ब्रोशर्स लगाकर व्यापक प्रचार–प्रसार भी करवाएं।

औद्योगिक एसोसिएशन के सदस्यों ने बैठक में कहा कि जो फैक्ट्रियां कोरोना से प्रभावित हुई हैं लंबे समय से बंद है उनके व व्यवसायिक कर, जलकर व भवन कर इत्यादि में यथासंभव छूट दी जाए, जिस पर जिलाधिकारी ने इस मामले को उच्च स्तर पर संदर्भित करने का आश्वासन दिया। सदस्यों ने सोलर पावर प्रोजेक्ट में बैंक ऋण गारंटी में छूट देने की मांग की।

### बेहतर चिकित्सा सुविधाएं हरहाल में मुहैया करायी जायः जिलाधिकारी

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव द्वारा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प0 दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय और महात्मा गांधी नेत्र चिकित्सालय की चिकित्सा प्रबन्धन समिति की बैठक आयोजित की गयी। डीएम ने समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि कोरोनेशन एवं गांधी नेत्र चिकित्सालय दोनों में चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ाने के लिए हर सम्भव प्रयास किया जाय तथा लोगों को गुणवत्तापूर्वक और व बेहतर चिकित्सा सुविधाएं हरहाल में मुहैया करायी जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि कोरोना कोविड–19 को देखते हुए इस बात का ध्यान रखें की चिकित्सालय में सभी स्टाफ और आगन्तुक अनिवार्य रूप से मास्क पहने हों तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी करतें हो।

उन्होंने इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के सभी अस्पतालों में कोरोना से बचाव व इस पर प्रभावी नियंत्रण के लिए शासन प्रशासन स्तर से जारी एस.ओ.पी तथा गाईडलाईन का पूर्णतः पालन किया जाय तथा इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की लापरवाही ना की जाय। डीएम ने कहा कि इस बरसाती सीजन में डेंगू मलेरिया और कोविड–19 को देखते हुए जो भी जरूरी मेडिकल सुविधाएं बढानी जरूरी हैं उनको बढ़ाया जाय।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की मूर्ति हटाई तो होगा विरोध

**विरोध**

■महानगर कांग्रेसजनों ने फूंका धर्मपुर विधायक चमोली का पुतला

देहरादून। **संवाददाता**

शराब की दुकान को बचाने के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जस्सा सिंह की मूर्ति हटाये जाने के प्रयास के विरोध में महानगर कांग्रेसजनों ने धर्मपुर क्षेत्र के भाजपा विधायक विनोद चमोली का पुतला फूंककर अपना आक्रोश व्यक्त किया और कहा कि इसके खिलाफ आंदोलन को जारी रखा जायेगा।




महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ता कांग्रेस भवन में इकटठा हुए और वहां पर उन्होंने भाजपा धर्मपुर विधायक विनोद चमोली के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला फूंका और कहा कि भाजपा विधायक लगातार जन विरोधी कार्य कर रहे है जिसका पुरजोर विरोध किया जायेगा। इस अवसर पर दून महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार देवभूमि उत्तराखण्ड को शराब प्रदेश बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक ने बयान दिया है कि वह शराब की दुकान नहीं हटा सकते है और बल्कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की मूर्ति हटा देंगें। राज्य सरकार की आबकारी नीति पूर्ण रूप से शराब माफिया को संरक्षण देने, शराब की तस्करी को बढ़ावा देने तथा उत्तराखण्ड के गांवों में हर घर तक शराब पहुंचाने वाली है।

इस अवसर पर महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि एक ओर भाजपा सरकार आम जरूरत की चीजों पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सिलेण्डर, परिवाहन निगम की बसों के किराये की दरों में भारी वृद्धि कर आम जनता का षोशण कर रही है वहीं शराब को बढ़ावा देकर देवभूमि उत्तराखण्ड को शराब प्रदेश बनाकर लोगों के स्वास्थ्य से भी खिलवाड़ करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के स्थानीय विधायक भी अपने आपको असमर्थ महसूस कर रहे हैं तथा शराब की दुकान हटाने की बजाय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की मूर्ति को हटाना आसान बता रहे हैं।

### स्मार्ट सिटीः कार्य में तेजी लाने के लिए विशेष प्रयास किये जाय

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के शहरी विकास, आवास मंत्री मदन कौशिक ने विधानसभा स्थित सभाकक्ष में स्मार्ट सिटी विषय पर की गयी बैठक में कहा कि कार्य में तेजी लाने के लिए विशेष प्रयास किये जायें। समीक्षा में पाया गया कि कोविड के कारण निर्धारित डेडलाइन के अनुसार कार्य की प्रगति नहीं हुई है। इस सम्बन्ध में निर्देश दिया गया कि लॉकडाउन अवधि शनिवार एवं रविवार को विशेष रूप से कार्य अवधि में वृद्धि करके प्रगति लाई जाय। जल निगम, जल संस्थान एवं विद्युत से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण करते हुए कार्यवृत की रिपोर्ट लेने के निर्देश दिये गये एवं कहा गया कि भविष्य में गैस पाईप लाईन के लिए भी पहले से योजना बना ली जाय। स्मार्ट सिटी, स्मार्ट रोड के अन्तर्गत दिलाराम चौक से घण्टाघर, बहल चौक से आराघर चौक, घण्टाघर से किशन नगर चौक, प्रिंस चौक से आराघर चौक पर कार्य होना है।


In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।